खास-खबरें

## नौ लाख रु की लागत से मुक्तिधाम पर बनेगा शेड



औबेदुल्लागंज। समीपस्थ गांव हामीरि के मुक्तिधाम पर नौ लाख रु की लागत से शेड का निर्माण किया जाएगा। नगर पालिका मंडीदीप के वार्ड-25 ईटायाकलां की पार्षद गीतांजलि पटेल की अध्यक्षता में भूमिपूजन हुआ। मंडीदीप नगर पालिका क्षेत्र के ईटायाकलां के एक किलोमीटर दूर पर स्थित हामीरि के मुक्तिधाम पर नौ लाख रु की लागत से नपा शेड निर्माण करेगी। इस मौके पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष अशोक पटेल, अर्जुन मीना, महेश मीना आदि मौजूद रहे। इस मौके पर अशोक पटेल ने कहा कि गांव में कई तरह के विकास कार्य चल रहे हैं और शासन की योजना का लाभ ग्रामीणों की पहुंचाने की कोशिश जारी है।

## एक दिन का वेतन काटने पर पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन, काम बंद करने का किया ऐलान

शाजापुर। शुजालपुर अनुभाग के पटवारियों का एक दिवस का वेतन काटने एवं सात दिनों के वेतन काटने के नोटिस के बादा जिलेभर के पटवारियों में नाराजगी है और इसीको लेकर पटवारियों ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की है। शुक्रवार को जिले के सभी अनुभागों पर पटवारियों के द्वारा जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया के मार्गदर्शन में ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापन में बताया कि पटवारी पूरी ईमानदारी के साथ अपना काम कर रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके शुजालपुर अनुभाग के पटवारियों का एक दिन का वेतन काटा गया है। वहीं सात दिनों का वेतन और काटने का नोटिस थमाया गया है, जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। पटवारियों का कहना है कि महज जीओ टैग के आधार पर फोटो शेयर नही करने पर प्रशासन द्वारा की गई अन्यायपूर्ण कार्रवाई के विरोध में ज्ञापन दिया गया है और मांग की गई है कि पटवारियों पर की गई कार्रवाई को निरस्त किया जाए अन्यथा पटवारी कार्य नही करेंगे। ज्ञापन देते समय बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद थे।

## वन क्षेत्र की 8.2 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त हुई

**विदिशा (निप्र)।** जिले में अतिक्रमण विरोधी मुहिम के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा वनमण्डल के परिक्षेत्र उत्तर और दक्षिण लटेरी के स्टॉफ वनमण्डल उडनदस्ता और समस्त वन विकास अमले ने ग्राम मसूड़ी से लगे वनक्षेत्र की लगभग 8.2 हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। वन विकास निगम के विदिशा रायसेन परियोजना मण्डल के परियोजना परिक्षेत्र उत्तर लटेरी में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं वन मंडलाधिकारी हेमन्त यादव तथा तरूण कुमार कौरव संभागीय प्रबंधक, विदिशा रायसेन के निर्देशन मे केके यादव उप संभागीय प्रबंधक, श्री नवीन भारद्वाज परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी एवं सामान्य वनमण्डल के परिक्षेत्र उत्तर और दक्षिण लटेरी के स्टॉफ वनमण्डल उडनदस्ता और समस्त वन विकास अमले के साथ ग्राम मसूड़ी से लगे वनक्षेत्र कक्ष क पी - 470 मे लगभग 8.2 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। अतिक्रमण विरोधी मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

## जिला सहकारी बैंक में वर्षों से कर्मचारियों की कमी

गंजबासौदा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक विदिशा, की सिटी सांयकालीनब्रांच एवं मुख्य ब्रांच में कर्मचारियों का भारी अभाव है सिटी सांयकालीनब्रांच तीन कर्मचारीयों के भरोसे चल रहा है यही हाल, उदयपुर व त्योंदा ब्राँच का है करोड़ो के लेन देन बाला बैंक ग्राहकों के बीच अव्यवस्था बनाए हुए हैं पिछले वर्षो मे रिटायर हुये कर्मचारियों की भर पाई भी नहीं हो सकी, और न ही शासन द्वारा चुनाव कराये गये है, ।

# राजस्व वसूली कार्यों में जिला पिछड़े नहीं : कलेक्टर

विदिशा।

**कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा की उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने कार्य क्षेत्रों में बेहतर नवाचारों से जाने जाएं। अपने मूल कार्यो में जिला पिछड़े ना इस ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।**



कलेक्टर श्री सिंह ने कहा राजस्व वसूली सहित अन्य कार्यों के संपादन व क्रियान्वयन प्रयासों में कमी नहीं होना चाहिए। बार बार समझाने की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए यदि उसी ढ़र्रे पर चलेंगे तो दंड के साथ सीआर में उल्लेख किया जाएगा।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि राजस्व वसूली में बड़े बकायदारों पर सख्ती से पहले कार्यवाही करे ताकि अन्य देखा-देखी स्वयं ही राजस्व कर जमा कराने कार्यालय आएं।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने तहसीलदारों से तहसील वार संवाद कर राजस्व वसूली की प्राप्ति के लिए क्या - क्या रणनीति तय की गई है की जानकारी प्राप्त करते हुए वर्तमान और बकाया राजस्व वसूली की राशि में से अब तक कितनी वसूली की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा वित्तीय वर्ष समाप्ति में डेढ़ माह बचा है। अत: जिला किसी भी अवस्था में प्रदेश स्तर पर पिछड़ ना पाए को ध्यानगत रखते हुए राजस्व वसूली के कार्यों का अभियान के रूप में क्रियान्वित करें। उन्होंने विदिशा, बासौदा एवं सिरोंज अनुविभाग क्षेत्र में हर रोज की वसूली प्रगति प्राप्त कर अवगत कराने के निर्देश जिला नोडल व शाखा प्रभारी को दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष की बकाया राशि शत् प्रतिशत वसूली जाए इस कार्य में कोई परेशानी नहीं होना चाहिए चूंकि यह पता है किस व्यक्ति से कितनी राशि वसूलनी है।


कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जरूरत पड़े तो कुर्की करने में पीछे ना रहे। उन्होंने खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध कालोनियों, भू-राजस्व, डार्यवरसन, शालाकर, पंचायत उपकर जमा कराने के लिए कैम्पों का आयोजन कर शीघ्र अतिशीघ्र जमा कराई जाएं। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा है कि ऐसी कार्य प्रणाली क्रियान्वित करे कि आरो मिटिग की आवश्यकता ही ना पड़े। उन्होंने जिन मामलों के निराकरणों में विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल है ऐसी ही गति बनाए रखने और शेष मामलों की प्रगति प्रदेश स्तरीय अव्वल रेंकिंग सूची में शामिल हो।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक में जिन बिन्दुओं की गहन समीक्षा की गई है उनमें राजस्व वसूली, राहत संबंधी कार्यो के अलावा नवीन उपायो और बिना सूचना व्यय प्रवर्तन के नवीन प्रकरणो को दर्ज करना और उनके निराकरण से प्राप्त राजस्व, धारणाधिकार के अंतिम रूप से निराकृत प्रकरणो में निर्धारित प्रीमियम, भू-भाटक की वसूली, धारणाधिकार के प्रकरणो में जमा राशि की स्थिति, अर्थदण्ड एवं अतिक्रमण के नवीन प्रकरणो को दर्ज कर निराकृत करना एवं अर्थदण्ड में अधिरोपित राशि की वसूली की जाना, निजी क्षेत्र में खनिज पटटाधारियों से बिना सूचना व्यपवर्तन से की गई वसूली, अवैध कालोनियों में नियमानुसार राजस्व वसूली की स्थिति, भू-राजस्व एवं पूर्व वर्षो की बकाया राशि, अर्थदण्ड, शाला उपकर, पंचायत उपकर, परिवर्तित भू-राजस्व, राजस्व न्यायालय की प्रक्रिया शुल्क के अलावा राजस्व न्यायालयीन प्रकरणो की समीक्षा की है।

कलेक्टर श्री सिंह ने उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के न्यायालयो में लंबित निराकरण मामलो के निराकरण करने में विदिशा जिला प्रदेश की रैकिंग सूची में अव्वल है। इसी गति को बनाए रखने की अपेक्षा अन्य मामलो में उन्होंने अभिव्यक्त की है। समीक्षा बैठक में नामांतरण विवादित, अविवादित, सीमांकन, बंटवारा विवादित, अविवादित, अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सायबर तहसील भू-आवंटन, स्वामित्व योजना के तहत ग्राउण्ड टूथिंग एवं ड्राफ्ट नक्शों की स्थिति, संशोधित नक्शा एवं प्रकाशन की स्थिति, लंबित ग्रामो की स्थिति, फार्मर रजिस्ट्री के तहत तहसीलवार प्रगति, आधार खसरा, ईकेवायसी की रिपोर्ट, आधार से आरो आर खसरे की लिंकिंग, आधार बैंक खाता एनपीसीआई लिकिंग प्रगति, सेल्प रजिस्ट्रेशन अनुमोदन कार्य तहसील लॉगिग से अपात्र किए गए गए अनुमोदन कार्य, डिजीटल क्राप सर्वे, कृषि संगणना, वक्फ संपत्ति का पोर्टल पर दर्ज किया जाना, राजस्व न्यायालय द्वारा पारित आदेशो का रिकार्ड में अमल की जानकारी, अधीनस्थ न्यायालयो द्वारा निरस्त प्रकरणो की समीक्षा, आयोग, जन शिकायत, जन सुनवाई कार्यक्रम से प्राप्त शिकायतो के निराकरणो की अद्यतन स्थिति, राजस्व अधिकारी, चरनोई भूमि से हटाए गए अतिक्रमण की जानकारियां, न्यायालय की अवमानना प्रकरणो की जानकारियां इत्यादि की गहन समीक्षा की गई है।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि विभागीय कार्यो के साथ-साथ अन्य विभागो की योजनाओं व कार्यक्रमो की भी मानिटरिंग करें ताकि सुपात्र हितलाभ से वंचित ना रह पाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरण मामलो में किसी भी प्रकार की ढिलाई न स्वंय बरते और न ही किसी अधीनस्थ विभागो को बरतने दें। उक्त बैठक में संयुक्त कलेक्टर द्वय श्रीमती शशि मिश्रा, सुश्री निकिता तिवारी, डिप्टी कलेक्टर द्वय श्री संतोष बिटौलिया और श्री नितिन जैन के अलावा समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य विभागो के अधिकारी तथा शाखाओं के नोडल अधिकारी मौजूद रहें।

## आलू चिप्स के कारखानों से निकलने वाला दूषित पानी को कराया बंद



महू।

तहसील के ग्राम चौरडिया में आलू चिप्स के कारखानों से निकलने वाला गंदा पानी बंद कर दिया गया है। ज्ञात है कि अभी कुछ दिनों पहले समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हुई थी, कि आलू चिप्स बनाने वाले कारखानों का गंदा पानी नाले में बह कर पर्यटक स्थल पाताल पानी के झरने में मिल रहा है।

जिसके कारण बदबूदार गंदे पानी से झरने के साथ ही पाताल पानी पर्यटन स्थल की आबो हवा और पानी खराब हो रहा है। जिसकी शिकायत प्रशासन को भी की गई जिस पर एसडीएम राकेश परमार और प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, नायब तहसीलदार राधा वल्लभ धाकड़ ने चिप्स कारखाने के संचालकों को गंदा पानी नाले में न छोड़ने के उचित निर्देश दिए ओर नियमों का पालन न करने पर कठोर कार्यवाही की भी चेतावनी दी।

गत दिवस ग्राम पंचायत चौरडिया के सरपंच सुरेश कैथवास ओर सचिव के द्वारा आसपास की सभी कृषि भूमि , नालों , ओर चिप्स कारखानों का औचित्य निरीक्षण किया गया। मौका मुहायना करने के बाद चौरडिया सरपंच ने एक सार्वजनिक सूचना प्रमाण पत्र के रूप में जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि किसानों के खेत पर नहर के पास मौका मुआयना किया गया है। वहां बहने वाला गंदा पानी बंद कर दिया गया है। आगे उन्होंने कहा है कि रेलवे के कार्य के चलते उक्त समस्या उत्पन्न हो गई थी। लेकिन अब उसका निराकारण कर दिया गया है।

## तंबाकू का सेवन और कैंसर के बीच घातक संबंध: डॉ.डोंगरे



**जबलपुर।** कैंसर के खिलाफ चल रहे संघर्ष में, एक सबसे बड़ा दुश्मन है 'तंबाकू' जो सबसे ज्यादा खतरनाक है। दशकों के शोध से पता चला है कि तंबाकू के सेवन और विभिन्न प्रकार के कैंसर के बीच जटिल और विनाशकारी संबंध है। फेफड़ों के कैंसर से लेकर अग्नाशय के कैंसर और अन्य प्रकार के कैंसर तक, तंबाकू का सेवन और कैंसर की घटनाओं और मृत्यु दर के बीच का संबंध स्पष्ट है। डॉ. अमोल डोंगरे, मेडिकल ऑन्को लॉजिस्ट, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने इसके बारे में जानकारी साझा की। इस घातक संबंध में सबसे आगे फेफड़ों का कैंसर है, जो दुनिया भर में कैंसर के सबसे प्रचलित और जानलेवा प्रकारों में से एक है। इसका मुख्य कारण तंबाकू का धुआं है, जिसमें कम से कम 70 ज्ञात कार्सिनोजेन (कैंसर पैदा करने वाले तत्व) सहित 7,000 से अधिक रसायन होते हैं।

## ऐतिहासिक होगा शहर के लिए विराट गायत्री शक्तिपीठ महायज्ञ: राठौर

सीहोर।

**शहर के माधव आश्रम में होने वाले विराट 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ के प्रचार प्रसार और व्यवस्थाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ परिसर में आयोजित बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर सम्मिलित हुए।**



बैठक के दौरान गायत्री परिवार के युवा संयोजक मनोहर दांगी के द्वारा विराट 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ के प्रचार प्रसार और व्यवस्थाओं की तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने कहा की अप्रेल माह में शहर में होने वाला विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ अदभुत और ऐतिहासिक होगा। चार दिवसीय कार्यक्रम के लिए सभी जरूरी व्यस्थाऐं नगर पालिका के द्वारा कराई जाएगी। नपाध्यक्ष राठौर ने कहा की बाहर से आने वाले अतिथि हमारे लिए महत्वपूर्ण होगे। नपा के द्वारा बिजली पानी साफ सफाई के इंतजाम कराए जाएंगे।

आयोजन समिति सह प्रभारी विमल तेजराज ने बताया की गायत्री महायज्ञ की सफलता के लिए 108 गांवों के भ्रमण के लिए तीन टोली भाइयों बहनों की बनाई गई है। गावों और शहर के मोहल्लों में कार्यकर्ताओं के साथ सकल हिन्दू समाज की बैठके ली जा रही है। बहनों की टोलियां मोहल्ले मोहल्ले जाकर दीप महायज्ञ का निमंत्रण दे रही है। इसी प्रकार आयोजन को लेकर ग्राम सेमरा दांगी, धामंदा, आमाझर, मोगाराम गुडभेला में गायत्री परिजनोओं के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से गायत्री परिवार उपजोन प्रभारी रघुनाथ प्रसाद हजारी अखिल भारतीय दांगी समाज के अध्यक्ष बाबूलाल पटेल सचिव भीकम सिंह,पाटीदार समाज प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर पाटीदार जनपद सदस्य संध्या बलवान सिंह दांगी,कुबेर सिंह दांगी, हीरालाल वर्मा, ओमप्रकाश दांगी, जीवन दांगी, अजितेश दांगी, महेश विजयवर्गी, भगवत प्रसाद मल्होत्रा,शंकर लाल, शिवराज वर्मा,आरके सिंह, प्रहलाद वर्मा, नाथूराम वर्मा, रमाकांत शर्मा,द्वारका वर्मा,रमेश चंद्र सागबलिया,कैलाश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत 111 ने सात फेरे लिए, 71 ने निकाह कुबूल किया



गंजबासौदा। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत नवीन मंडी परिसर में 111 जोड़ों ने सात फेरे लिए और 71 ने निकाह कुबूल किया। बहीं अंतर्जातीय विवाह भी हुए। जनपद पंचायत सीईओ भगवान सिंह ने बताया कि बर - बधू पक्ष को किसी प्रकार की परेशानी ना हो , आयोजन को लेकर पूर्व से ही पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह और निकाह योजना अन्तर्गत कुल 182 पंजीयन हुए थे जिनमे यजमानों द्वारा 111 विवाह और काजी द्वारा 71 के निकाह कुबूल कराएं गए। आयोजन में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, सहित अन्य जनप्रतनिधि द्वारा बर - बधू को 49 हजार राशि के चैक, गिफ्ट वितरित कर सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।

## म.प्र. लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा में जिले के 1074 परीक्षार्थी आज परीक्षा देंगे

**विदिशा (निप्र)।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 आज रविवार 16 फरवरी को विदिशा नगर के दो परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में होगी। लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा इस परीक्षा में सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक आनंद बिहारी गुप्ता को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इस परीक्षा में जिला मुख्यालय के दो परीक्षा केंद्रों पर 1074 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षकों, केंद्र प्रेक्षको, फ्लाइंग स्कॉड, पुलिस नोडल अधिकारियों, बिजली विभाग व परीक्षा में संलग्न अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा होती है, इस परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की कोताही नही बरती जाए।

परीक्षा केन्द्र कोड क्रमांक 33/1 राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर नोडल महाविद्यालय विदिशा में 500 छात्र परीक्षा देंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से केंद्रीय राज्यमंत्री नाईक ने की उज्जैन में सौजन्य भेंट



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने उज्जैन में सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे बेहतर कार्य की सराहना की केन्द्रीय राज्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि प्रदेश को सभी आवश्यक सहयोग मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्य के लिये बधाई और शुभकामनाएँ दी।

## कराटे कलर बेल्ट प्रतियोगिता में 75 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा




सीहोर। मास्टर ऑफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के इंदौर नाका स्थित कराटे कोचिंग सेंटर में कराटे कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 75 से अधिक बच्चों ने भाग किया। इसमें 55 बच्चे सफल रहे। जिन्हें पुरस्कृत किया गया। शनिवार को आयोजित कराटे प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद आवासीय खेलकूद संस्था के प्राचार्य आलोक शर्मा एसोसिएशन के कोच लखन ठाकुर, श्रीमती विमला ठाकुर, जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र माहेश्वरी, राहुल माहेश्वरी, सोनू शर्मा, जिमांशु शर्मा, त्रयंबक ठाकुर, पायल बागवान माइंडस आई इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य मनीषा यादव आदि शामिल थे। जिन्होंने कलर बेल्ट के साथ प्रमाण-पत्र का वितरण किया। एसोसिएशन के कोच प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि यह प्रतियोगिता मुख्य प्रशिक्षक कराटे मास्टर कोच लखन ठाकुर के नेतृत्व में कराई गई। वहीं, विमला ठाकुर और त्रयंबक ठाकुर ने जज की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में सीहोर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के तत्वाधान में खिलाड़ियों को मंच देने के लिए बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता में कलर बेल्ट हासिल करने में सबसे अधिक कराटे खिलाड़ी शहर के अलावा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के रहे। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री शर्मा ने खिलाड़ियों को मूल मंत्र देते हुए कहा कि कराटे में बेल्ट उन कुशल छात्रों को दी जाती है जो अपनी कड़ी मेहनत के अंतिम उद्देश्य को समझ रहे हैं और ब्लैक बेल्ट पाने के लिए तैयार हैं।


भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नं. 1प्लॉट नं. बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले औद्योगिक एस्टेट, ठाणे (पश्चिम)- 400604

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक- फरीद कुरैशी/सह-आवेदक- फिरदोस कुरैशी/ TBBHP00006376791 | खसरा नं. 764/1, पी.एच.नं. 37, हाथीथान वार्ड नं. 21, अंसार अहमद गली, टोरी मोहल्ला, सिरोंज, मध्य प्रदेश, विदिशा- 464228 (भूखंड का क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट यानी 223.04 वर्ग मीटर)/ फरवरी 13, 2025 | दिसम्बर 13, 2023 रु. 34,90,161.00/- | सिरोंज (जिला-विदिशा) |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(याँ) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : फरवरी 15, 2025**
**स्थान : सिरोंज (विदिशा)**

**भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**